## सार-समाचार

### आदिवासी विद्यार्थियों को जूते व मौजे दिए

**आबूरोड, (निसं)।** भारत ने अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर लिए और इस अवसर पर पूरा देश आजादी का जश्न, उसकी महानताओं का उत्सव मना रहा है। वहीं अमृत महोत्सव कार्यक्रम श्रंखला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आबूरोड़ के सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो मधुबन की ओर से एक विशेष पहल की गई, जिसमें माउंट आबू के अंतर्गत आदिवासी क्षेत्र निचलागढ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को जूते और मोजे बांटे गए। रेडियो मधुबन के स्टेशन प्रमुख बीके यशवंत ने कहा कि रेडियो हमेशा कोशिश करता है कि आबू के हर क्षेत्र की उन्नति कैसे की जाए। विद्यार्थियों को सर्दी में स्कूल आने-जाने में कोई तकलीफ ना हो, इसलिए रेडियो ने उन्हें मदद करने का संकल्प लिया। आरजे रमेश ने सभी को सामुदायिक रेडियो स्टेशन सुनने की विधि और उसके फायदे भी बतायें। विद्यालय के प्रधान आचार्य बाबूलाल प्रजापति बताते हैं कि आदिवासी क्षेत्र होने के साथ-साथ आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण सर्दियों के मौसम में विद्यार्थियों को स्कूल में आने में दिक्कत होती थी, उन्होंने ब्रह्माकुमारीज के इस प्रयास को काफी सराहा। उन्होंने कहा कि रेडियो हर साल ऐसा कोई ना कोई प्रयास करता रहता है। कार्यक्रम में उपस्थित उपलागढ की पूर्व सरपंच एवं नारी सशक्तिकरण की मिशाल सरमी बाई ने विद्यार्थियों को आव्हान कि अब अच्छी पढ़ाई करें।

### सुमेरपुर में एसडीएम ने ली बैठक

**सुमेरपुर, (निसं)।** चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के समस्त ग्राम स्तरीय अधिकारियों की बैठक उपखंड अधिकारी ऋषभ मंडल के अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मंडल ने कहा कि वर्तमान समय में करोना की रोकथाम के लिए हम सभी को मिलकर समन्वय के साथ काम करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सीनियर सैकेंडरी विद्यालयों में 15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को टीका लगाया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देशित व अपील करते हुए कहा कि संयुक्त रूप से टीम बनाकर कोविड-19 टिकाकरण एवं कोविड-19 सेम्पलिंग कार्य को पूर्ण करावे। बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पर्बतसिंह राठौड, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गोविंदसिंह चुंडावत, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोवर्धनसिंह राजपुरोहित, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक प्रमोद गिरी सहित चिकित्सा विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एवं शिक्षा विभाग के समस्त पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

### अन्वेशा सैनी का नेशनल खेलेंगी

**आबूरोड, (निसं)।** आबूरोड के एच.जी. इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अन्वेशा सैनी ने राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और शहर के साथ जिले का नाम रोशन किया। स्कूल के प्राचार्य गोपाल कौशिक के अनुसार राजस्थान स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2021 जो सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित की गई उसमें कक्षा नौवीं 'सी' की छात्रा अन्वेशा सैनी पुत्री अशोक सैनी ने ब्लैक बैल्ट के साथ सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सी.आई.टी कॉलेज आबूरोड में आयोजित जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में भी अन्वेशा ने स्वर्ण और कास्य पदक जीतकर राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था। अन्वेशा की इस व्यक्तिगत उपलब्धि ने अपने माता-पिता के साथ आबूरोड और सिरोही जिले का भी मान बढ़ाया।

### सी.एल.जी.की बैठक का आयोजन

**आबूरोड, (निसं)।** आबूरोड शहर पुलिस थाने में मंगलवार को नवनियुक्त पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर की समस्याओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा होने के साथ ही गांधीनगर क्षेत्र में स्वीकृत पुलिस चौकी को शुरू करने व शहर में कैमरे लगाने को लेकर विचर विमर्श हुआ। पुलिस उप अधीक्षक ने शहर के हिस्ट्रीशीटरो की सूची का वाचन कर सभी सदस्यों से उनके बारे में जानकारी ली। बैठक में थानाधिकारी सरोज बैरवा,रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक रणवीरसिंह सिहाग पालिका उपाध्यक्ष रवि शर्मा,सीलजी सदस्य मोहनलाल खिन्नीवाल, पार्षद नरगीश कायमखानी, शमशाद अब्बासी,रमेंश वैष्णव,दिलीप सोनी,पोपट भाई जैन,महेन्द्र मरडीया,पूर्व पालिकाध्यक्ष विष्णु मारू, ओम माखिजा,मुस्लिम समाज अध्यक्ष सलीम खान, अग्रवाल समाज अध्यक्ष नरेश अग्रवाल सहित सीएलजी सदस्य व प्रमुख लोग उपस्थित थे।

### मेहनत व लगन से सफलता मिलती : प्रमोद

**गुड़ामालानी, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ । मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार, बाड़मेर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जेतमाल सिंह राठौड,प्रधानाचार्य नारायणदास स्वामी, शिविर प्रभारी वेहनाराम सोनगरा, सहायक प्रभारी मोहनलाल विश्नोई के सानिध्य में हुआ। शिविर प्रभारी वेहनाराम सोनगरा ने बताया कि समापन समारोह कार्य म को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि छात्र जीवन में शिक्षा के साथ अनुशासन का होना जरूरी है। कोई भी कार्य मेहनत और लगन से किया तो सफल होता है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जेतमाल सिंह राठौड ने कहा कि इंसान के जीवन में सेवा से बढ़कर और कोई धर्म नहीं। शिविर प्रभारी वेहनाराम सोनगरा ने उपस्थित अधिकारियों को सात दिवसीय चले कार्यक्रम की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में व्याख्याता सांवलाराम चौधरी, पीटीआई मोहनलाल गोयल, मोहनलाल गर्ग, तेजाराम पटेल सहित कई जने उपस्थित रहे।

### हेमाराम चौधरी को ज्ञापन सौंपा

**धोरीमना, (निसं)।** राउमावि भीमथल में अनिवार्य विषयों हिन्दी व अंग्रेजी व्याख्याता पद सृजन को लेकर सरपंच व ग्रामीणों ने राजस्थान सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री हेमाराम चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। वन मंत्री चौधरी को क्षेत्र के विद्यालय क्रमोन्नति पर अभिनन्दन कार्यक्रम रखा गया था। इस मौके पर भीमथल सरपंच रामलाल डऊकिया, विद्यालय विकास व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गंगादेवी, भीमथल पीईईओ व प्रधानाचार्य डॉ. रूपसिंह जाखड, चिकित्सा अधिकारी रामलाल गोदारा, वरिष्ठ अध्यापक सुनील कुमार सहित ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। मुकेश गोदारा ने बताया कि विद्यालय 2015 में क्रमोन्नत हुआ था। उस समय विद्यालय में केवल तीन ऐच्छिक विषयों के व्याख्याता पद ही स्वीकृत किये गए थे। प्रधानाचार्य डॉ. रूपसिंह जाखड ने बताया कि विद्यालय में व्याख्याता पद सृजित नहीं किये गए है। जिसके कारण उच्च माध्यमिक कक्षाओं में हिन्दी व अंग्रेजी के अध्यापन में भी समस्या आ रही है। मंत्री ने पद सृजन की पैरवी करने की बात कही।

### विद्यालयों में टीकाकरण शुरू

**स्वरूपगंज, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग रोहिड़ा की टीमों ने शहर के सरकारी विद्यालयों में 15 से 18 वर्ष के किशोर व किशोरियों के टीकाकरण की शुरुआत की। अभियान के तहत चिकित्सा विभाग कुसुमा कथा एव प्रियंका ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाटेरा में छात्र, छात्राओं को कोविड टीकाकरण करवाया इस मौके पर प्रधानाचार्य रामलाल, स्काउटर रमेश लाल दहिया ने सभी छात्र छात्राओं को वैक्सीन लगवाई।

### विकास अधिकारी को मांग बताई

**सिवाना, (निसं)।** ग्राम पंचायत भीमगोडा के राजस्व ग्राम रामदेवनगर व ग्राम कुशीप के राजस्व ग्राम खेडा खिंदावडा के दूरी व समय व ग्राम रामदेव नगर मे नया राशन कोटा स्वीकृत करवाने की मांग की। भीमगोडा सरपंच उमेश कुमार, कुशीप सरपंच हुकमसिंह व सामाजिक कार्यकर्ता नरपतसिंह के द्वारा विकास अधिकारी सुनील विश्नोई सिवाना को राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर जन समस्याओं का समाधान की मांग की।

### नगर परिषद् ने प्लास्टिक जब्त की

**जालोर, (कासं)।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक बंद किये जाने पर नगर परिषद् जालोर की टीम की ओर से जालोर शहर में सोमवार को 25 किलो प्लास्टिक जब्त की गई। नगर परिषद् जालोर के आयुक्त महिपाल सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत प्लास्टिक जब्ती के लिए एक टीम का गठन किया गया है। जिसके द्वारा शहर में प्लास्टिक जब्ती की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत शहर में लगातार प्लास्टिक जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया



सांचोर में भाजपा के जालेर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव को जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बधाई दी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने जन्म दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को गौशालाओं में गोग्रास का महादान किया। कार्यकर्ताओं ने 51 किलो की फूल माला पहनाकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रदान की।

जिलाध्यक्ष ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष पर पथमेड़ा स्थित गोधाम महातीर्थ आनन्दवन गौशाला में जाकर गौमाता की पूजा अर्चना कर, गौमाता को गुड़ खिलाकर क्षेत्र के कुशल मंगल की प्रार्थना की। तत्पश्चात सांचोर के शिवनाथपुरा स्थित शिवनाथ मठ में महंत गणेशनाथ महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं पालड़ी में भाजपा के वरिष्ठ एवं जनसंघ के कार्यकर्ता अमराराम पुरोहित पालडी के घर जाकर स्नेह भेंट की और डूंगरा का गोलिया में रुगनाथाराम चौधरी के घर जाकर शिष्टाचार भेंट की।

जन्म दिवस के उपलक्ष पर शिव शक्ति सांचोर आवास पर कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन रखा गया। जहां पर पूरे जिले के भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति वन्नेसिंह गोहिल, राजेश राणा जिला प्रमुख जालोर, धुंखाराम राजपुरोहित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, ओबाराम देवासी ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, भगवानाराम माली, चुन्नीलाल पुरोहित खेजडियाली, मोहब्बतसिंह गुंदाऊ, सावलाराम देवासी, पुरेंद्र व्यास सहित सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं कार्यसमिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं पार्षद सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रवणसिहं राव बोरली के जन्मदिन को महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु सोलंकी के नेतृत्व में वात्सल्य चाईल्ड केयर होम जालोर में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के साथ में बच्चों को बिस्किट व फल वितरित करके मनाया गया। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु सोलंकी ने बच्चों को बताया कि हमें अच्छे संस्कारित संस्कार गृहण करने करने हैं तथा स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की बात बताई। महिला मोर्चा जिला महामंत्री उर्मिला दर्जी, संचालक खीमसिह राजपुरोहित, जिला मंत्री गायत्री गौड, जिला कार्यकारिणी सदस्य इन्दु चौधरी, मदन सांखला सहित कई जने उपस्थित रहे।

# आबूरोड युवक कांग्रेस ने रक्तदान शिविर लगाया



राज्यसभा सांसद नीरज डांगी के जन्मदिन पर रेवदर व आबूरोड युवक कांग्रेस ने रक्तदान शिविर लगाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**आबूरोड, (निसं)।** राज्यसभा सांसद नीरज डांगी के जन्मदिन पर आबूरोड युवक कांग्रेस ने मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

युवक कांग्रेस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रॉयल दत्तानि होटल में रखा गया। रक्तदान शिविर में 52 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में सांसद नीरज डांगी द्वारा वर्चुअल शामिल होकर शुरूआत की गई। राज्यसभा सांसद के जन्मदिन पर आबूरोड शहर में रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत पंचायत समिति प्रधान लीलाराम गरासिया,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हीरा भाई अग्रवाल, गणका सरपंच ललिता गरासिया, पूर्व प्रधान तेज सिंह तरतोली, वरिष्ठ कांग्रेसी शंकरलाल बारोट, युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष भवनीश बारोट,महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सुलोचना परमार, महिला प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव अर्चना शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में केक काटकर जन्मदिन की मनाया गया।

इस मौके पर कार्य युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा 52 यूनिट रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि रक्तदान महादान है लोगों को जीवन बचाना ही सबसे बड़ा मानव धर्म है। जिला कांग्रेस महासचिव नवीन सांखला व माधव मारू मैं कार्यक्रम में ब्लड डोनेट करने वाले युवाओं का आभार व्यक्त किया। पूर्व पार्षद दामोदर धाम का एवं शकील कुरेशी ने धर्मेंद्र एवं रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में युवक कांग्रेस के मुकेश जीनगर,अजय राणा, विनोद सांखला,कमलेश सांखला,नरेंद्र कच्छावा, सुनील मेघवाल अधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बामनवाड़ा में कृषि विज्ञान केन्द्र की मांग

**जसवंतपुरा, (निसं)।** रानीवाडा विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायणसिंह देवल ने अपने प्रयासों से रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बामनवाड़ा में कृषि विज्ञान केन्द्र स्वीकृत कराया है।

रानीवाड़ा विधायक नारायणसिंह देवल ने कृषि तकनीक अनुप्रयोग संस्थान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) काजरी के क्षेत्रिय परियोजना निदेशक, जोधपुर को पत्र लिखकर बामनवाड़ा के कृषि विज्ञान केन्द्र को शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

देवल ने बताया कि करीब 1.5 करोड़ की लागत से कृषि विज्ञान केन्द्र का भवन निर्माण होगा और इसमें मृदा परीक्षण से लेकर कृषि से जुड़े हर प्रकार के नवाचार, प्रयोग, अनुसंधान एवं तकनीक के लिए केन्द्र सरकार के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से 50 लाख रूपये की राशि हर वर्ष मिलेंगी, जिसे जिले के किसानों की उपज बढ़ाने और उन्नत तकनीक से स्थानीय स्तर पर बागवानी को बढ़ावा देने पर खर्च किया जाएगा। इस केन्द्र की सहायता से जिले के किसानों को काफी लाभ होगा। जिले के किसान परम्परागत खेती के अलावा अब अच्छी किस्म के फल, फूल व अन्य फसलें की पैदावार कर सकेंगे।

देवल ने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृतसंकल्पित हैं और ये कृषि विज्ञान केन्द्र प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहायक सिद्ध होगा।

### अनारक्षित टिकिट करवाने की मांग उठी

**जालोर, (कासं)।** जालोर आशापुरा सेवा समिति मोदरान के अध्यक्ष हरीसिंह ने मंगलवार को पश्चिम रेल्वे महाप्रबंधक आलोक बंसल को ज्ञापन भेजकर ट्रैन संख्या 14804/14820 साबरमती से भगत की कोठी एक्सप्रेस में अनारक्षित टिकट की सुविधा शुरू करवाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर आशापुरा सेवा समिति मोदरान के अध्यक्ष हरीसिंह ने ज्ञापन में बताया कि ट्रेन संख्या 14819 /14803 भगत की कोठी से साबरमती एक्सप्रेस के बीच चलने वाली इन दोनों ट्रेनो में 16 दिसंबर2021 से अनारक्षित टिकट की सुविधा उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर ी ओर से यात्रियों की मांग को देखते हुए अनारक्षित टिकट की सुविधा शुरू हो चुकी है। वहीं साबरमती से जोधपुर के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 14804/14820 इन दोनों ट्रेनों में अनारक्षित टिकट नहीं मिलने से यात्री परेशान हो रहे हैं व कन्फ्यूज हो रहे हैं। अत यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इन दोनों ट्रेनों के अंदर भी अनारक्षित टिकट की अगर सुविधा शुरू करवा दी जाये तो अहमदाबाद, पाटण, भीलड़ी, धानेरा, रानीवाड़ा, भीनमाल, मोदरान, जालोर, मोकलसर, समदड़ी, लूनी समेत एक दर्जन स्टेशनों से यात्रा करने वाले बीमार मरीजों को गुजरात व जोधपुर के बीच आवागमन में सुविधा मिलेंगी व रेलवे को भी बहुत अच्छी एर्निंग होंगी।

यात्रियो की परेशानी को देखते हुए ट्रैन संख्या 14820/14804 साबरमती भगत की कोठी एक्सप्रेस में अनारक्षित टिकट की सुविधा शुरू करवाने की मांग की है।

# रैन बसेरा का निरीक्षण किया

**सुमेरपुर, (निसं)।** पाली जिले में सुमेरपुर पास तखतगढ़ नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी मदनलाल तेजी ने मंगलवार को रैन बसेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। ईओ तेजी ने रैन बसेरा का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए जमादार रूपेश कुमार को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इस दौरान कार्मिक मनोज कुमार वाल्मीकि से व्यवस्था का जायजा लेकर समुचित दिशा निर्देश प्रदान किए। ईओ ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित रैन बसेरा आमजन की सुविधा व बेसहारा लोगों के लिए बनाए गए है, कोई भी व्यक्ति रोडो पर नहीं रहकर रैन बसेरा का उपयोग कर सकता है। ईओ ने रोडो पर रहने वाले लोगो से रैन बसेरा में रहने की अपील करते हुए राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की बात कही।

- **रैन बसेरा आमजन की सुविधा के लिए व बेसहारा लोगों से रैनबसेरा में रहने की अपील की**

# जरूरतमंदों को कंबल बांटे



जालोर में सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों को कम्बल बांटे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** जालोर में सर्दी बढ़ने से जरूरतमंद लोगों को आनंद मंगल ग्रुप बेंगलुरु अहमदाबाद जालोर के सेठ भेरूलाल अमृतलाल खाटेड परिवार की ओर से सोमवार रात्रि को कम्बलों का वितरण किया गया।

आनंद मंगल ग्रुप के प्रतिनिधि मेल नर्स शहजाद खान ने बताया कि आनंद मंगल ग्रुप हमेशा मानव सेवा एवं जन सेवा के लिए तत्पर है। मानव सेवा से बढ़कर दुनिया में कोई सेवा नहीं है। हमें हमेशा मानव सेवा में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि नर सेवा ही सच्ची नारायण सेवा है। वर्तमान में बढ़ती सर्दी के चलते जालोर की कच्ची बस्ती व खुले आसमान के नीचे ठंड में ठिठुर रहे जरूरतमंद लोगों को दो सौ कम्बलों का वितरण किया गया। सर्दी में कम्बल पाकर लोग खुश नजर आए। कम्बल वितरण से लोगों को सर्दी से राहत मिलेगी। जालोर शहर के गेबनशाह गाजी दरगाह के आगे बैठे लोग, तोडबारा साफाडा रोड, नया बस स्टैंड, चामुंडा गार्डन के सामने सहित अन्य कच्ची बस्ती के लोगों को कंबल का वितरण किया गया। आनंद मंगल ग्रुप प्रतिवर्ष सर्दी में कम्बलो का वितरण करता रहता है तथा समय-समय पर मानव सेवा के कार्य में भी अग्रणी है।

## सार-समाचार

### जिला कारागाह का निरीक्षण

**जालोर, (कासं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने मंगलवार को जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपस्थित कारापाल को निर्देश दिये कि वर्तमान समय में फेल रही कोविड महामारी को लेकर विशेष सावधानी बरती जावे, नये आने वाले बंदियों के कोविड टेस्ट करवाने के दौरान ही अंदर प्रवेश दिये जावे। इस दौरान उन्होंने कोविड 19 लेकर सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का कठोरता से पालन करने के निर्देश दिये। सभी कर्मचारियों एवं बंदीजनों को अनिवार्य रूप से मास्क का प्रयोग करने के लिए पाबंद करने, समय समय पर हाथों को सैनेटाइज करने सहित साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये गये। हर समय सामाजिक दूरी बनाए रखने के भी निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने कारापाल को निर्देश दिये कि जिन बंदियों को पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो उनका आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने विधिक सेवा क्लिनिक की समय समय पर अच्छे तरीके से साफ सफाई करवाने के भी निर्देश दिये।

### जालोर के वार्ड 19 से 24 में प्री कैम्प लगे

**जालोर, (कासं)।** नगरपरिषद जालोर के सभागार में प्रशासन शहरो के संग अभियान के तहत वार्ड संख्या 19 से 24 तक क प्री कैम्प का आयोजन किया गया। परिषद के आयुक्त महिपालसिंह ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत नगरपरिषद, जालोर के सभागार वार्ड नम्बर वार्ड संख्या 19 से 24 तक का प्री कैम्प आयोजन किया गया। प्रशासन शहरों के संग अभियान की ट्रायल शिविर में विभिन्न सेवाओं के प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को ऑनलाईन ही स्वीकार किये जाकर संधारण संबंधित कार्यवाही की जा रही हैं एवं 2 अक्टुम्बर मुख्य शिविर से पहले राज्य सरकार की गाईलाईन प्राप्त होने के बाद विभिन्न कार्यो निस्तारण एवं जन समस्यों के कार्य किए जायेगें। इस दौरान अभियान में सभापति गोविन्द टांक, उपसभापति अम्बालाल व्यास, पार्षद दिनेश महावर, बसंत सुथार, हिराराम देवासी, मिश्रीमल एवं शिविर प्रभारी अधिशाषी अभियंता दिलीप माथुर, सहायक शिविर प्रभारी अशोक कुमार शर्मा सहायक लेखाधिकारी-प्रथम, जसपालसिंह, कनिष्ठ अभियंता, हिरालाल, कनिष्ठ सहायक, इकबाल अली कनिष्ठ सहायक, संजीव पी. परमार कनिष्ठ सहायक सहित कई जने मौजूद थे।

### स्वंयसेवकों के टीका लगाया

**सुमेरपुर, (निसं)।** संघ केसरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तखतगढ़ में एनएसएस स्तर के विशेष शिविर के सांतवे व अंतिम दिवस को प्रार्थना सत्र में योग प्राणायाम व व्यायाम के बाद ब्रह्मा कुमारी संस्थान से बहिन भावना बेन द्वारा समाज सेवा व आध्यात्मिक विषयों पर वार्ता प्रस्तुत की गई। विद्यालय परिसर में 15 से 18 वर्ष के आयुवर्ग के वैक्सीनेशन कार्यक्रम में भाग लेकर सभी स्वयंसेवकों ने करोना के नए वैरियंट से बचने के लिए कोविड टीका लगवाया। एनएसएस प्रभाग बीकानेर से आशीष कुमार, एडीईओ सत्येन्द्र कुमार व प्रवीण सुथार ने एनएसएस शिविर का निरीक्षण किया। तत्पश्चात भोजन के बाद प्राध्यापक परबतसिंह राठौड द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं ने भाग लेते हुए स्वंयसेवकों को स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष ललित रांकावत, किसान नेता व समाजसेवी जब्बरसिंह, प्रधानाचार्य कपुरचंद परिहार आदि मौजूद रहे।

### आप पार्टी की कार्यकारिणी बनाई

**सुमेरपुर, (निसं)।** आम आदमी पार्टी सुमेरपुर की साधारण बैठक मंगलवार को सुमेरपुर शहर के विवेकानंद गार्डन में विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष तगाराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। आप कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए चौधरी ने उपाध्यक्ष पद पर प्रविण जाखोडा व आरीफ खान, सचिव पद पर गणेश मीणा, विधानसभा सदस्य पद पर दिनेश चावरियां को मनोनित किया। कार्यकर्ताओं ने सभी नव निर्वाचित अध्यक्षों व सचिव का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पाली जिला कार्यकारिणी सदस्य अकरम सिलावट ने बताया कि राजस्थान की जनता महंगाई से बहुत परेशान है।

### जल संचय का संदेश दिया

**पिंडवाड़ा, (निसं)।** स्थानीय पंचायत समिति परिसर में पंचायतीराज विभाग एवं जल ग्रहण विभाग के संयुक्त तत्तवाधान में राजीव गांधी जल संचय योजना के अन्तर्गत लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के मार्फत जनप्रतिनिधियों को जल संरक्षण का संदेश दिया। लोक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के मार्फत जनप्रतिनिधियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, विभिन्न वित्तीय संसाधनों का कन्वर्जेन्स कर परम्परागत पेयजल, जल स्त्रोतों को पुनः जीवत करने, नये स्त्रोतों को निर्माण करने एवं संरक्षण करनें, जल संग्रहण संरचनाओं की गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन, संघन वृक्षारोपण करनें, गांवों में पेयजल की कमी को दुर करने के लिए पीने का पानी गांव के नजदीक उपलब्ध करवाने, भू-जल स्तर वृद्वि करने, वर्षा जल का संरक्षण कर सिंचित व कृषि क्षेत्र में बढावा देने सहित अन्य नाटक व गायन के मार्फत जानकारी दी। अतिरिक्त विकास अधिकारी हीरालाल मेघवाल ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में सात दिनों तक नुक्कड नाटक के मार्फत जल संरक्षण व उपयोग को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए पंचायतीराज व जल ग्रहण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में नुक्कड नाटक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कन्हैयालाल मीणा सरपंच सिवेरा, महेन्द्र कुमार मेघवाल सरपंच उन्दरा सहित कई जने उपस्थित थे।

### वैष्णो देवी हादसे पर शांति यज्ञ

**जालोर, (कासं)।** आर्य वीर दल एवं आर्य समाज जालोर के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को वैष्णों देवी दर्दनाक हादसे के मृतकों की आत्मा की शांति के लिए पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीरम व्यायामशाला में शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। आर्य समाज लालपोल के प्रधान विनोद आर्य थे। वही यज्ञ के मुख्य यजमान योगेन्द्र चौहान तथा यजमान शुभम आर्य, गोविंद सिंह राजपुरोहित व दिव्या राजपुरोहित थे। आर्य वीर दल के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि शांति यज्ञ में हरियाणा के पहाड़ दरकने से हुई दर्दनाक मौत, वैष्णो देवी माता के श्रद्धालुओं के दुःखद हादसे की तथा देश में अन्य हादसों में अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए लोगों के लिए शांति प्रकरण की विशेष मंत्रों से आहुतियां दी गई। उन्होंने बताया कि इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर आर्य वीरों ने मृतकों के आत्मा के लिए शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य , वरिष्ठ आर्यवीर वरुण शर्मा, व्याख्याता कांति लाल राजपुरोहित, स्वर्णाक्षी, सुरभी,चारु, सागर आर्य, वर्षा, रुद्राक्ष सहित कई जने उपस्थित थे।

### गायों को चारा व गुड़ खिलाया

**सुमेरपुर, (निसं)।** पूर्व युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नीरज डांगी के जन्मदिन के अवसर पर सुमेरपुर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ जनों ने गौशाला में गायों को चारा एवं गुड खिलाकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय बाल श्रम बोर्ड के उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निंबाडा के नेतृत्व में गायों को चारा एवं गुड़ खिलाकर लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव सुभाष मेवाडा, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव महेश परिहार, पूर्व प्रधान नाहरसिंह जाखोडा, युवा नेता शैतान कुमार, दिनेश कुमार, सोहनलाल, साबिर खान, इंदर भाई, विनोद कुमार, अब्दुल खान, शाहिद खान, मंसाराम, कालू भाई, मोंटू भाई, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सावित्री बाई फुले जयंती मनाई

**जालोर, (कासं)।** हिंदू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से माँ सावित्री बाई फुले जयंती पर निजी विद्यालय में पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। नगर महामंत्री महेंद्र राठौड़ ने बताया कि हिंदू युवा संगठन संस्था द्वारा देश की प्रथम शिक्षिका और समाज सेविका सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, कोषाध्यक्ष मंगलाराम सांखला, महामंत्री अर्जुन सिंह पवार, पूर्व कोषाध्यक्ष मूलाराम प्रजापत, महेंद्र राठौड सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सतीश पूनिया जैसलमेर आएंगे

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 7 जनवरी को दो दिवसीय प्रवास पर जैसलमेर आएंगे । पूनिया 7 जनवरी को दोपहर हवाई मार्ग से जैसलमेर पहुंचेंगे। तत्पश्चात 3 बजे स्थानीय भाजपा कार्यालय में जैसलमेर के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों की बैठक लेंगे। जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा ने बताया कि जैसलमेर प्रवास पर बाड़मेर जैसलमेर सांसद एवं केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के भी आने की संभावना है।